On the Railways, the Minister must take two steps. One step is that they should go and get more passenger and goods traffic. The second step is that they should impose strict financial discipline at all levels of the Railways. Starting with the Railway Board, I would suggest that they should cut down the two extra temporary additional Members that they have budgeted for, the two extra temporary joint directors, the five extra private secretaries, the twenty-six extra accountants and the nine extra-temporary accountants and go on doing some bureaucratic family planning right down the organisation.

I would appeal to him that they should not raise the passenger fares. This House should not allow any increase in the passenger fares. It is not fair that the Railways should make it a habit of burdening the traveller with their continued cost unconsciousness. The deficiency, I submit, must be made up by discipline and more efficiency, and as I said last year, by savings from within the organisation and not by a draft of more and more savings of the people into the Railways.

**श्री शिवचंडिका प्रसाद** (जमशेदपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, रेलों के आप आजादी के बाद के बीस सालों के इतिहास को देखें तो आपको पता चलेगा कि रेलों ने बहुत प्रगति की है और बहुत सी सहूलियतें भी पैसेंजर्ज को दी गई हैं। नई नई रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं, नए नए स्टेशन बनाए गए हैं, नए नए पुलों का निर्माण हुआ। लेकिन आज घाटे का बजट हमारे सामने पेश किया गया है। इसको देख कर हम लोगों को दुःख जरूर हुआ है। मैं समझता हूं कि घाटे का बजट पेश करने की जरूरत इस वास्ते आपको महसूस हुई है कि रेलों में बदइंतजामी है। आज भी आप रेल के डिब्बों में जायें तो आप देखेंगे कि बहुत सी ऐसी चीजें उन में लिखी रहती हैं जिन को लिखने की आज से चालीस बरस पहले तो जरूरत हो सकती थी जबकि जनता उनको नहीं जानती थी लेकिन आज उनकी बिल्कुल जरूरत नहीं है। जैसे वहां लिखा रहता है, स्टेप्स, लाइट, फैन, एंट्रेंस, एग्जिट। इस तरह की और बहुत सी बातें लिखी रहती हैं। इनको लिखने में बहुत सी फिजूल खर्ची की जाती है। साथ ही बेजरूरत की चीजों को डिब्बों में लगा दिया जाता है। जैसे सोडा बोतल खोलने वाला ओपनर, लोटा रखने का स्टैण्ड, कीमती साबुन रखने का स्टेंड। इस तरह की चीजों में लाखों रुपया खर्च कर दिया जाता है। इनका कुछ उपयोग नहीं होता है। यह तो पैसा है यह कांट्रेक्टर के हाथ में चला जाता है। मैं चाहता हूं कि इन सब चीजों को एक कमेटी बना कर जांच करायी जाए और उनके सुझाव लिये जायें कि इन में से कौन कौन सी चीजों को हटाया जा सकता है और किस तरह से इन पर खर्चा कम किया जा सकता है। अगर आपने ऐसा किया तो आपको बहुत फायदा होगा और बहुत सी इकोनोमी आप ला सकेंगे।

जहां तक ऐमेनेटीज़ का सम्बन्ध है, हमारे बहुत से भाइयों ने इनका जिक्र किया है। इस सम्बन्ध में मेरा इतना ही कहना है कि जितने टिकट स्टेशनों पर दिये जाते हैं उतनी सीट्स तो कम से कम डिब्बों के अन्दर होनी

[श्री शिवचंडिका प्रसाद]

चाहिये और उतनी सीटों की तो आपको कम से कम व्यवस्था करनी चाहिये। सब से पहली यही एमेनेटी है जोकि आप पैसेंजर्ज को दे सकते हैं।

जो गाड़ियों में आपने रेस्टोरां खोल रखे हैं वे काफी घाटे में जा रहे हैं। इनको आपको बन्द कर देना चाहिये और हर स्टेशन पर कैफेटी-रिया सिस्टम चालू कर देना चाहिये और फूड पैकेट्स आपको रनिंग ट्रेंज़ में देने का इंतज़ाम कर देना चाहिये।

डिब्बों में से बहुत सी चीजें गायब हो जाती हैं और आप नई नई तरह की चीज़ें लगाते जाते हैं। अगर आप अपने स्टाफ को इसके लिए जिम्मेदार करदें और कहें कि यह जो एक डिब्बे के मेन्टेनेंस पर प्रति साल आज खर्चा होता है अगर इस में से वह अपनी कोशिश कर के जो कुछ बचत दिखायेंगें तो उसका दस परसेंट उसको वेतन के रूप में दिया जाएगा तो आप देखेंगे कि आपकी मेन्टेनेंस कास्ट आज के मुकाबले में काफी कम हो जाएगी।

हमारे यहां टेलको कारखाने के पास जोजोबेरा कैम्प और वारीगेरा गांव के बीच में एक बनमेंड गुमटी है। उसके चलते हमारे जो वर्कर हैं वे आते जाते समय एक्सीडेंट्स के शिकार हो जाते हैं। इस ओर भी आपको ध्यान देना चाहिये।

बिहार में आदित्यपुर, टाटानगर स्टेशन के पास ओवर ब्रिज की बहुत सखत जरूरत है। इसी तरह से दोरंडा क्रासिंग, रांची स्टेशन के पास भी ओवर ब्रिज की बहुत जरूरत है। इसी तरह धनबाद क्रासिंग, स्टेशन के पास, धनवाद कतरासगढ़ लाइन पर ओवर ब्रिज की जरूरत है। इनके बारे में बहुत बार कहा जा चुका है लेकिन अभी तक यह पूरा नहीं हो पाया है।

जमशेदपुर में बहुत लेबर काम करते हैं। उन लोगों में काफी उत्तर प्रदेश, पंजाब से तथा देश के दूसरे प्रान्तों से आते हैं। उनके आने जाने के लिए आपने अभी एक ही गाड़ी टाटा-पटना के बीच अप एण्ड डाउन एक्सप्रेस दी है। मेरा सुझाव यह है कि कम से कम सप्ताह में दो दिन अप एण्ड डाउन जनता एक्सप्रेस चलाई जाए ताकि टाटा मुगलसराय के बीच यात्री कम समय में घर पहुंच सकें और छुट्टी का ज्यादा उपयोग कर सकें।

इसी तरह से मैं चाहूंगा कि टाटानगर और अमृतसर के बीच में एक थर्ड थर्ड क्लास बोगी भी लगाई जाए।

फर्स्ट क्लास में एटेंडेंट्स की जो बहालियां होती हैं, उनको भी आपको देखना चाहिये। इस वक्त जो एटेंडेंट हैं वे टिकिट कलैक्टर्ज से भी बढ़ गए हैं। मैं चाहूंगा कि आप रिटायर्ड मिलिटरी परसनेल को या सोल्जर्ज को अगर एटेंडेंट के तौर पर रखें तो पैसेंजर्ज को भी सुविधा होगी और उनकी सुरक्षा भी रहेगी।

एक मेरी और आपसे प्रार्थना है। जब रेलवे अधिकारी हमारे नाम की सीट रिज़र्व करते हैं तो कृपा करके हमारे नाम के साथ एम पी न लिखा करें। मेरे नाम के साथ एम० पी० लिखना आप बन्द करा दें। इससे हमें बड़ी परेशानी होती है। अगर डिब्बे में सफाई नहीं होती है, पानी नहीं होता है या कोई भी तकलीफ होती है तो कई लोग हम को कहने आते हैं। आपका स्टाफ भी उनको हमारे पास भेज देता है। हमारी परेशानी बढ़ जाती है। इस जिल्लत से आप हमें बचायें। रेलवे स्टाफ द्वारा भी हमारी बेइज्जती कराई जाती है। रिजर्वेशन आप हमारे आइडेंटेटी कार्ड पर करते हैं, वह तो रहे लेकिन हमारे नाम के साथ एम० पी० लिखना आप बन्द कर दें। इन शब्दों के साथ मैं रेलवे डिमांड्ज का समर्थन करता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Shri P. N. Solani. Since there is not much time left now, the hon. Member should speak in telegraphic language.

AN HON. MEMBER: Why not telepathy?

SHRI S. KUNDU : I would suggest that from the Congress Members' names the letters 'M.P.' should removed; and these letters should be written in very big form after the names of all the Opposition Members.

SHRI P. N. SOLANKI (Kaira) : I sympathise with the Railway Minister because he had to face a series of questions since this morning regarding the accident. Simply by removing the Railway Minister, we are not going to solve the problem of railway accidents.

I have noticed one thing that ever since Shri C. M. Poonacha entered into the Railway Ministry, he has taken keen interest in various problems. I would not like that this tragedy should also happen that we lose a Railway Minister like Shri C. M. Poonacha.

My first suggestion is in regard to the Railway Act. The Railway Act was first enacted in 1890, and it is an old Act. Government ought to revise that Act. When they are modernising the railway administration and bringing diesel engines instead of steam engines and improving other facilities, they ought to bring this Act also up to date and see that the various loopholes in administrative jobs which are there are removed from the Act.

Secondly, as many other Members have voiced their concern regarding the Railway Board, I also join them. I feel personally that in many problems the Railway Minister feels helpless in the hands of these bureaucrats. Instead of helping in the administration, these bureaucrats have created further problems and the Railway Minister never gets a true picture from the public side or from the side of the staff of the employees of the railways; he is always guided and advised by the Railway Board only. In fact, this board should be reorganised and it should have a separate Ministry just like other corporations. The Railway Board should be converted into a technical board. I think that was the purpose why the Railway Board was there. They should not advise on the administrative side of it, because they are only creating problems. Let them be on the technical side and purely on that basis advise the Railway Minister on technical issues, not about administrative issues. Therefore, the Railway Minister should personally look into each and every problem and have an independent view on the problem.

Coming to other problems, the biggest problem that the railways are facing is loss of revenue. The railways had never suffered a loss in the past, but since the last two years we are finding this loss. I have one good suggestion in this regard, which if the hon. Railway Minister would tackle, would improve the situation. If the Food and Agriculture Minister is prepared to remove the food zones then a lot of foodgrains movement can be handled by the railways and then there could even be less of taxes and less of fares because they will get further revenues if only that gentleman in the Food Ministry behaves in the desired manner.

The economy drive in the railways has failed completely. I am sorry to say this. If the economy drive would have succeeded, there would have been no loss in the railways. The economy drive on the contrary has inflicted serious difficulties on the public. In many places I have noticed that they have closed down one gate or one booking window in the name of economy drive. On the other hand, on the administrative side, I would like to have the figures from the hon. Minister in regard to the increase in the number of officers.

You have removed the small men, but you have put biggermen who are drawing fat salaries. So this economy drive has not helped the railways.

15 HRS.

Another suggestion. Some time ago, in the railways they had half tickets for children. Now they have dispensed with that and are issuing full size tickets to children. I suggest that the old practice be revived. This will save a lot of paper and printing expense. This is another source to save some money.

Another suggestion is about proper assessment of claims for loss or damage. Under the present system of assessment,

[Shri P. N. Solanki]

there is some mischief. Suppose a claim is preferred for Rs. 10, the man is paid Rs. 100. It depends upon the officer concerned. This method should be looked into and proper assessment procedure laid down. This will save the railways a lot of money by avoiding over-payment.

Regarding the commercial clerks, the Railway Minister knows that we have met him in this connection and are due to meet him again in a day or two in connection with their problems. We are told that their grievances should be forwarded through proper channels, that is the Union. But whether they have joined the Union or not, they are all the same part of the railway family. It is better that the administration looks into their grievances, whether they come through unions or on their own. They should not be turned away because they have not approached the authorities through the unions.

Now they have introduced a so-called simplification of account books. These have been divided into booking, goods and parcels. Formerly, an account book used to cost Rs. 5; now by simplification, they cost Rs. 30, Rs. 25 more! When the week ends and the books are replaced, half the pages are unutilised. This also costs the railways extra money. Here is another source of saving money.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Save our time also.

SHRI P. N. SOLANKI : Lastly, I would repeat a demand I made in my speech last year concerning a railway line linking Kapadvanj with Madosa either by narrow gauge or metre gauge. This will link Kapadvanj with other places in Gujarat and Rajasthan and will be of service in transporting products of agriculture, cotton particularly, and industry and also facilitate passenger traffic. I would request that this may very soon be taken up.

I wanted to cover many other points, but as the Deputy Speaker is pressed for time, I would conclude by saying that the Railway Minister should look into the points I have made. He should find some remedy to improve the relations between the staff and the administration and also do away with the Railway Board.

**उपाध्यक्ष महोदय** : श्री प्रेम चन्द वर्मा ।

**श्री प्रेम चन्द वर्मा** (हमीरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं शुरू तो करता हूं, लेकिन मुझे आपसे शिकायत है । वैसे तो मुझे बोलने का मौका नहीं मिलता है, इसलिए मैं अपने टाइम का इस्तेमाल करता हूं**

मैं कहना चाहता हूं कि . . .

MR. DEPUTY-SPEAKER : This has nothing to do with the debate. I have already given my ruling.

**श्री प्रेम चन्द वर्मा** : यह मेरा टाइम है । आप ने मुझे टाइम दिया है । मैं उसको इस्तेमाल कर रहा हूं । कि * * **(व्यावधान)**

MR. DEPUTY-SPEAKER : I will have to take serious notice of it.

SHRI NAMBIAR : The hon. Member has cast serious aspersions on the Chair. This cannot go on record. He should either withdraw it or it should be expunged. The dignity and decorum of the House should be maintained.

SHRI PARTHASARATHY (Rajampet) : We are very sorry for his sake.

**श्री प्रेम चन्द वर्मा** : ** **(व्यावधान)**

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : उपाध्यक्ष महोदय, ऐसा मालूम होता है कि हमारे मित्र, श्री प्रेम चन्द वर्मा, बहुत नाराज़ हो गए हैं, लेकिन जिस तरह से यह नाराज़गी प्रकट की जा रही है, उससे न तो सदन की प्रतिष्ठा बढ़ेगी और न हमारे मित्र की प्रतिष्ठा बढ़ेगी । आप पर कोई आरोप लगाए, यह हमें पसन्द नहीं है । अगर उन्हें समय नहीं मिलता है, तो

**Expunged as ordered by the Chair.

वह इसको कांग्रेस पार्टी के भीतर बैठ कर तय करें कि जिन सदस्यों के नाम दिये जाते हैं, उनको समय मिलने का तरीका क्या है। लेकिन उनको आप पर लांछन नहीं लगाना चाहिये। मैं उन से निवेदन करूंगा कि उन्होंने जो कुछ कहा है, वह उस के लिए खेद प्रकट करें, नहीं तो उस को कार्यवाही से निकालना पड़ेगा। वह रिकार्ड में नहीं जा सकता है।

**श्री प्रेम चन्द वर्मा** : मेरा मतलब सीधा है। **

SHRI S. KANDAPPAN : (Mettur) : The Congress Party is in comfortable majority and if they do not restrain themselves and if off and on they resort to this kind of ventilating their impatience, I am afraid the whole of democracy is at stake in this country. It is not a question whether he is insulting you or somebody. You are the custodian of the rights and privileges of the House and the whole House is insulted. If he has a grievance against the Congress Parliamentary Board, he should represent to them.

**श्री प्रेम चन्द वर्मा** : मुझे पार्टी से कोई शिकायत नहीं है। **

SHRI S. KANDAPPAN : He should apologise or his remarks should be expunged.

MR. DEPUTY-SPEAKER : This matter is very serious. This has been repeated twice. Even if it is not removed from the record, it is not a good thing for the party in power to keep it on record.

**श्री क० ना० तिवारी** (बेतिया) : उपाध्यक्ष महोदय, हाउस में जो कुछ कहा गया है, उसका हम लोगों को बहुत अफसोस है। हमने माननीय सदस्य को मना भी किया है। हम माननीय सदस्य, श्री बाजपेयी, के इस सजेशन से एग्री करते हैं कि जो कुछ कहा गया है, वह रिकार्ड पर नहीं आना चाहिए और उसको एक्सपंज करना चाहिए।

**श्री एस० एम० जोशी** : (पूना) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा कांग्रेस पार्टी से यह अर्ज करना चाहता हूं कि जिस तरह हमारी पार्टियों का नम्बर लगा रहता है, अगर उसी तरह कांग्रेस पार्टी वाले भी अपना नम्बर लगा कर दे दें, तो फिर इस प्रकार का मौका नहीं आयेगा। जब ऐसा नहीं किया जाता है, तो जब हमारे जैसे आदमी सभापति बनते हैं, तो उनको भी पता नहीं होता है कि किसको टाइम देना है और किस को नहीं देना है।

SHRI SONAVANE (Pandharpur) : That is his grievance.

**श्री प्रेम चन्द वर्मा** **

SHRI S. KANDAPPAN : He should take it up in his own party meeting. This is not the forum for it.

**श्री एस० एम० जोशी** : हम लोगों का अपना फ़ैसला अपनी पार्टियों में करना चाहिए। अगर कांग्रेस पार्टी वाले अपना नम्बर लगा कर दे देंगे, तो मैं समझता हूं कि कुर्सी पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या सभापति, जो कोई भी होगा, उस पर इल्ज़ाम लगाने का मौका नहीं आयेगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have given enough latitude. At the present juncture in our country, maintaining the decorum and dignity of the House is the responsibility of every member, whether on this side or that side of the House. If any member takes liberty in this manner, it is derogatory to the whole House. It is not a personal matter. After all, the Chair is part of this furniture. But it is a crucial part, the king pin, as May has put it, and I look at it from that angle. Therefore, I appeal to all sections. But sometimes there is some limit to my patience also. In the interest of dignity, in the interest of maintaining the dignity of the House, it is my responsibility to take some stern steps. I have warned the concerned hon. Member. I am reluctant to remove the words he uttered. Let them remain on record. It is a black record.

**Expunged as ordered by the Chair.

SHRI NAMBIAR : It adds to the indignity of the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I agree with you. But I would like to tell all hon. Members of the House that if these scenes are enacted in this House we are not setting a good example to others at the present juncture. So far as the lists are concerned, I have read out the rule. It is left to the discretion of the Chair. About 25 or 30 names are submitted. I do not blame any one. I have to see that all sides are represented, all shades of opinion are represented, all regions are represented and there is a reasonable debate. It is my responsibility. Even to hon. Members on this side I have several times suggested that I would like to accommodate another Member in place of one suggested by them because he happened to come from a very backward area. It is my responsibility and I must discharge it very conscientiously. I hope such scenes would not be repeated. . But I must reiterate that if these things happen again I will not refrain from taking a drastic step (*Interruption*).

DR. SUSHILA NAYAR (Jhansi) : May I request you, Sir, in all humility, to expunge those remarks. It is not that it is a reflection against you, but it lowers the dignity of the House. Therefore, such remarks must be expunged and we request you to do so.

SOME HON. MEMBERS : We support it.

MR. DEPUTY-SPEAKER : What does the hon. Minister for Parliamentary Affairs say ?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (DR. RAM SUBHAG SINGH) : Those remarks may be expunged.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Because the Minister of Parliamentary Affairs also desires that these remarks should not go on record, they stand expunged.

SHRI NAMBIAR : Let the Member continue his speech.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I called him, twice.

SHRI NAMBIAR : With all respect to him, let him continue his speech.

श्री प्रेम चन्द वर्मा : **

SHRI S. K. SAMBANDHAN (Tiruttani) Mr. Deputy-Speaker, Sir, let me confine myself to only one point which is the root cause of all the ills of the Railways, whether they be accidents which have occurred recently or they be instances of negligence or inefficiency on the part of the Railways about which complaints have been made from all sections of the House. The root cause for all such things is the corrupt and bureaucratic attitude of the Railway Administration, to put it in a nutshell. I will give only one example. The workshop at Arkonam in Southern Railway—unfortunately it falls in my constituency—was started in 1900 with a skeleton staff. Just a few days before it employed 3234 employees including some supervisory staff. It is a production workshop, as it was termed, and so many articles have been ordered to be produced in this workshop. Many railways, including the Southern Railway, the Western Railway and Central Railway, and some of the public undertakings also have been supplied the goods manufactured in this workshop. All of a sudden, the railway administration decided to make it only a workshop and transfer the few people already there to Madras and some other places. They were on the verge of transferring some more people, thousands of people. But, at that time, a representation was made and they have not been disturbed. I want to draw the attention of the hon. Minister to this and humbly request him to call for the records, peruse them and then take a decision himself. Let him not refer the matter to the Railway Board, the bureaucratic administration, because then the same kind of reply he will get, we will also get and there will be no benefit to anybody.

For instance, one officer asked the permission of the Railway Board to

**Expunged as ordered by the Chair.

place orders for 47 Span shallow type girders with the Arkonam workshop. For that the people are trying to transfer him from where he is now. At the same time, the railway officials are encouraged to place orders with a firm in the private sector, at the expense of our public sector workshop.

Then, sometime back the General Manager of the Southern Railways wrote to all the railways stating that the quality of the lamps made at the workshop is found good after testing and so orders for all the requirements of the railways should be placed with the Arkonam workshop. In spite of this letter, orders for this article is placed by the different railways with different parties in the private sector.

Then, there was a demand on the railway workshop for points and crossing required for the Bokaro steel plant. The railway workshop quoted a figure of Rs. 3,600. That contract has now been given to a private firm on the plea that that firm has offered it at a rate of Rs. 3,400. So, only for a difference of Rs. 200 it has been placed with a private firm. If this is the attitude of the railways to a workshop that has been established by them and expanded recently at a cost of Rs. 60 lakhs—when the workshop is being expanded, at the same time, retrenchment is going on and orders for goods are placed with private parties—then how can they expect to make any profit at any time? I hope the Railway Minister will seriously consider these points and take suitable speedy action.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The hon. Home Minister is going to make a statement at 3.30 p.m. Since these demands could not be adopted before that, I will accommodate two more members, who have not spoken at all. After that, the Home Minister will make his statement and then the Railway Minister will reply to the debate.

**श्री भोला नाथ** (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं थोड़े से शब्दों में इसको खत्म करना चाहता हूं क्योंकि ऐसा वातावरण बन गया जिस की वजह से मैं जो कहना चाहता था वह भी अब मैं आप से नहीं कह सकता हूं। लेकिन क्योंकि जैसा कि आप ने इशारा किया कुछ रीजन्स के बारे में जरूर जिक्र होना चाहिए और उन लोगों को मौका दिया जाना चाहिए जिन के रीजन के बारे में जिक्र नहीं हुआ है, इसलिए मैं भी कुछ कहना चाहता हूं। मैंने देखा अभी गोआ के जन्टिलमैन बोल रहे थे कि सरसों जैसी चीज के लिए वैगन्स नहीं मिल रहे हैं। मैं भी उसी इलाके से आता हूं कि जहां से सरसों सब से ज्यादा बंगाल को और आसाम को भेजी जाती है और मैं पुनाचा साहब का आभारी हूं, मैं ने उन को इसके बारे में बतलाया कि सरसों की लदान वहां शुरु होनी चाहिए और चूंकि रेलवे बोर्ड के मेम्बर बैठे हुए हैं, मैं बताना चाहता हूं, मैंने बराबर उन से इस बात की कोशिश की, एन० आर० यू० सी० में कोशिश की, उन्होंने एक दिन के लिए वैगन खोले और फिर बन्द कर दिया, उस से फिर बराबर नुकसान हो रहा है लेकिन वह इस बात की परवाह नहीं करते हैं। माननीय रेल मंत्री जी की नोटिस में यह बात आई है, डिप्टी मिनिस्टर की नोटिस में आई है और स्टेट मिनिस्टर की नोटिस में भी आई है, मैं कहना चाहता हूं कि क्या इस रेलवे बोर्ड की कोई आवश्यकता है इस प्रश्न पर विचार किया जाना चाहिए। अच्छा वातावरण होता तो मैं इस बारे में अर्ज करता। अभी हमारे अलवर में जयपुर के रेलवे वर्कर्स की कान्फरेंस हुई थी जिस में वसावड़ा साहब आये थे। वहां पर उन वर्कर्स ने बराबर इस बात की शिकायत की कि इन के ऊपर नियन्त्रण करने का जो स्टाफ है उस की 52 प्रतिशत के करीब तरक्की हुई है और उन की तनख्वाहें बढ़ी हैं जब कि नीचे के वर्कर्स को न टोपी दी जाती है न साफा दिया जाता है न उन की तनख्वाह बढ़ाने के ऊपर कोई ध्यान दिया जाता है। परसों मैं स्टेशन मास्टर से मिल कर आया हूं। उन्होंने सिर्फ यह रिक्वेस्ट की थी कि जो वैगनें अलवर स्टेशन पर आतें हैं कम से कम उन्हीं को भर कर भेजने की इजाजत दे दी जाय। लेकिन इतनी छोटी

[श्री भोला नाथ]

सी बात को भी यह आपका रेलवे बोर्ड नहीं कर पाता है, इतना छोटा सा इंतजाम भी नहीं कर पाता है तो मेरा निवेदन है कि इस रेलवे बोर्ड के मामले के ऊपर बहुत गंभीरता से विचार किया जाना चाहिये कि यह काम करने लायक है या नहीं और इस को रखने की जरूरत है या नहीं। यह बीच में एक दूसरी जो एजेंसी बन गई है, हम आप को अप्रोच करते हैं और आप इन के द्वारा काम कराते हैं, इस की वजह से यह ठीक तरीके से काम नहीं हो पाता है।

मैंने आप से निवेदन किया था कि आपने कांधला पोर्ट बनाया है, उस का माल हमारे राजस्थान से हो कर जाता है, इस लिये अलवर स्टेशन को आप बड़ी लाइन से जोड़ दीजिये, जिससे अछनेरा स्टेशन पर वैगन्ज का दबाव कम हो जाय। दलदल का एरिया होने की वजह से वहां पर वैगन्ज रुक जाती हैं, इससे न केवल नमक जाने पाता है और न कांधला से जो अनाज वगैरह आता है, वह जाने पाता है। मेरा आप से पुर जोर निवेदन है कि आप इस पर गम्भीरता से विचार करें, रेलवे बोर्ड की सिफारिशों पर निर्भर न करें। ये जो आंकड़े आपको देते हैं, उन पर विश्वास न कीजिए, बल्कि पर्सनल तरीके से जांच करने की कोशिश कीजिए। यह जो वैगन्ज की शिकायत है, इससे आप को बड़ा नुकसान हो रहा है, स्टेशन मास्टर खुद इस बात को मानते हैं कि आप हमारी आमदनी को कम कर रहे हैं, यहां का माल बराबर ट्रकों से जा रहा है। जब हम सुनते हैं कि आप हमारे वैगन्ज को रशिया को बेचने की बात कर रहे हैं तो हमें आश्चर्य होता है, हमारे यहां वगन्ज को सप्लाई नहीं कर रहे हैं और बाहर बेचने जा रहे हैं—यह बहुत भद्दी बात है।

मैंने सं० 48 से 52 तक जो कटमोशन्ज दी हैं, उनमें कुछ बातें ऐसी हैं, जिनको पढ़ कर आप उन पर अमल करने की कृपा करें, लेकिन इस रेलवे बोर्ड को किसी न किसी तरह से अवश्य खींचें, जिससे कि जो आश्वासन आप देते हैं या जो चिट्ठियां दी हैं, उन पर नीचे अमल होता है या नहीं—इसको आप अवश्य देखें।

SHRI SRINIBAS MISRA (Cuttack): Mr. Deputy-Speaker, Sir, considering the time that is allotted, I will confine my remarks only to the region from which I come.

It has been a general grievance of the people of Orissa that the length of the line there is very small. Orissa has got only one-fortieth of the total lines in the country but the population is one-twentyfifth of the country and the area is one-twentieth of the country. The eastern side of Orissa is not connected with the northern and western sides.

We have claimed again and again for a direct train from the capital of Orissa to Delhi.

**श्री शिव चण्डिका प्रसाद** : पहली अप्रैल से हो गया है, जब एक थ्रू डिब्बा भुवनेश्वर से दिल्ली के लिए लगाया जायगा।

SHRI SRINIBAS MISRA : We want a direct train. That *dabba* of which the hon. Member speaks halts for five or six hours at Asansol. It is a nightmare to travel in that *dabba*. I have myself travelled in that. It is shunted out from one train to another three or four times.

SHRI S. KANDAPPAN : Any train travel has become a nightmare and a hazard now.

SHRI SRINIBAS MISRA : Yes, any travel has become a nightmare because we do not know when we will be killed at night.

All State capitals have got direct trains from Delhi but Orissa capital is deprived of that. I can give definite suggestions. We are getting the signature of the MPs here and some from Madhya Pradesh and we will give it to the Minister. But we want a train to run from Puri to Delhi. Any train from Kharagpur towards Delhi could be diverted but it

should not pass through Kharagpur-Howrah which is a very heavily engaged line and, you know, there is *dharana, gherao* and what-not in the middle.

Then, regarding accidents. The control organisation, which is responsible for the running of trains, has some grievances. Their association has time and again appealed to the Minister to remove those grievances. I will mention only two of them. One is that the Second Pay Commission wanted the two classes of operators to be merged into one but that has not been done yet. Secondly, as a result of the recommendation of the Second Pay Commission, those who were getting Rs. 500 have been downgraded to Rs. 360. What they were getting before has come down now. Pre-1931 it was Rs. 500—Rs. 600 and under the Second Pay Commission it has come down to Rs. 450—Rs. 575. That has been their lot. These people have no chance of promotion and no incentive. If those who are to look to the running of trains are overworked and are not satisfied, you know what will happen. So, their grienvances should be removed so that it will not cause accidents.

**श्री शम्भू नाथ** (सैदपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके प्रति बहुत आभार प्रकट करना चाहता हूं कि आपने इस अवसर पर बोलने के लिये मुझे थोड़ा सा समय दिया। आप जानते हैं कि इस पब्लिक अण्डरटेकिंग में नीचे से लेकर ऊपर तक लाखों आदमी काम कर रहे हैं। हमारे विधान में यह दिया हुआ है कि जो डाऊन-ट्रोडन हैं, जो सोशली, इकानोमिकली और पोलिटिक्ली बैकवर्ड हैं, उन के हकों की रक्षा की जायगी—रेलवे बोर्ड ने जो पुस्तिका रेलवे के कार्यकलापों के बारे में निकाली है और जो सभी सदस्यों को दी गई है, मैं ने उसको पढ़ा है—उस के पृष्ठ 72 पर जो तालिका दी गई है, उस में मैंने देखा है कि फोर्थ क्लास सर्विस से लेकर फर्स्ट ग्रेड सर्विस तक कहीं भी ऐसा नहीं है जहां शैडयूल्ड कास्ट्स और शैडयूल्ड ट्राइब्स के जो हक हैं, जो रिजर्वेशन्ज उन को मिली हुई हैं, उस के अनुसार नौकरियां दी गई हों तथा उस में यह बात साफ साफ एडमिट की गई है, माना गया है कि हम इन को नौकरियां नहीं दे सके हैं। मैं मन्त्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि यह लिख देना तो आसान है कि हम नौकरी नहीं दे सके, लेकिन रेलवे बोर्ड वालों ने यह रिपोर्ट देते समय यह नहीं सोचा कि इस की वजूहात क्या हैं? मैं आपको बताना चाहता हूं कि 20 वर्षों की आजादी के बाद भी हरिजनों को, शडयूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों को—चाहे टैकनीकल एजुकेशन हो या नीचे की सर्विसिज़ हों—उन की रिज़र्वेशन्ज़ के अनुसार नौकरियां नहीं दी गई हैं, आप वहां कहीं भी खोजें, अनएम्पलाएमेन्ट बढ़ती जा रही है। मुझे कोई ऐसी बात सामने दिखाई नहीं पढ़ती, जिसकी वजह से यह कोटा न दिया जा सके। इस लिये मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि आप इस पर ज़रूर ध्यान दें और उन को जो यह हक़ मिला है, उस को ज़रूर पूरा करने की कोशिश करें।

अब, उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी कांस्टीचूएन्सी की एक बात कहना चाहता हूं। मेरी सारी कांस्टीचूएन्सी में छोटी लाइन है, जब मैं कभी कभी वहां जाता हूं और देखता हूं—जितने गद्दे हैं जो आज लगे हैं, तो कल निकाल लिये जाते हैं। स्टेशन के पास तक बिजली आई हुई है, बिजली के लगाने के लिये रिपोर्ट भी दी गई है, लेकिन दो-दो साल हो गये अभी तक बिजली नहीं लगी है। सादात, माहपुर, जखनियां ऐसे स्टेशन हैं जो छोटे छोटे हैं, वहां रात को ट्रेन्ज़ आती हैं, लेकिन अन्धेरा रहता है। मैं मंत्री महोदय से अपील करना चाहता हूं कि इस तरफ ज्यादा तवज्जह दें।

एक बात मुझे यह कहनी है कि छोटी लाइन पर जो ट्रेन पहले जौनपुर से सीधे गोरखपुर तक जाती थी, अब उस की बीच में जौनपुर से औड़िहार तक कर दिया गया है, जिसके कारण अब पैसेन्जर्स को औड़िहार में बदल कर गोरखपुर जाना पड़ता है। मैं

[श्री शम्भू नाथ]

आपसे अपील करना चाहता हूं कि डाइरैक्ट जौनपुर से गोरखपुर तक ट्रेन कर दी जाय, क्योंकि जौनपुर से काफ़ी लोग गोरखपुर जाते हैं।

मैं पुनः आपको आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद देता हूं।

**श्री न० ता० दास** (जमुई) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जो समय दिया है, उस के लिये बहुत बहुत धन्यवाद। मैं रेलवे की डिमाण्ड का समर्थन करते हुए अपनी कांस्टीचुएन्सी की कुछ मांगे आपके सामने रखना चाहता हूं। ये मांगें नाजायज़ नहीं है, जायज़ मागें हैं। मैं साहिबगंज लूप-सैक्शन से आता हूं जो कि सदा उपेक्षित है—हमारे यहां जो 1 के० जी० और 2 के० जी० ट्रेन जो कियूल से चलती है, उन को 1 एम० जी० (मुंगेर-गया) और 2 एम० जी० कर दिया जाय, मुंघेर से गया तक चलाया जाय और गया से मुंघेर तक चलाया जाय। 329 अप और 330 डाउन ट्रेन्ज़ जो बरौनी तक जाती हैं, इन को समस्तीपुर तक एक्सटेण्ड किया जाय और समस्तीपुर से हावड़ा ले जाया जाय। 327 अप तथा 328 डाउन ट्रेन्ज़—जिनको दानापुर फास्ट पैसेन्जर कहते हैं, इन को दानापुर तक न रख कर मुगलसराय तक एक्सटेण्ड किया जाय।

15.29 HRS.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

13 अप और 14 डाउन ट्रेन्ज़ को अपर इण्डिया एक्सप्रेस कहते हैं, लेकिन इनको एक्सप्रेस नाम देना कहां तक सार्थक है, यह आपके सोचने की बात है, क्योंकि इस ट्रेन को जो टाइम दिया गया है—सियालदह से दिल्ली तक लगभग 38 घंटे में पहुंचनी चाहिए, लेकिन आज तक कभी भी 38 घंटे में नहीं पहुंची, आप जब भी देखेंगे—40 घंटे से पहले कभी नहीं पहुंची। इस का जो एक्सप्रेस का किराया ले रहे हैं—यह फ्रौड है, पैसेन्जर्स के साथ सरासर फ्रौड कर रहे हैं। कम से कम जितने समय में तूफान पहुंचती है, उतने समय के अन्दर इसको सियालदह से दिल्ली तक पहुंचा दिया जाय।

साहबगंज लोकल जो साहबगंज से चलती है और वहां आकर क्यूल में रुक जाती है उसको बरौनी तक बढ़ाया जाए और बरौनी से फिर वापस साहिबगंज लाया जाए।

बढ़हैया में तूफान को रोकने के लिए 9 नौजवान शहीद हो चुके हैं, फिर भी तूफान एक्सप्रेस को नहीं रोका गया है। बढ़हैया के लोगों की मांग है कि अब तो तूफान एक्सप्रेस और जनता एक्सप्रेस को रोक दिया जाए। मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी इन पर सहृदयतापूर्वक विचार करेंगे।

जमालपुर में एक रेलवे वर्कशाप है। रोज फर्स्ट क्लास पसेन्जर्स वहां से चलते हैं लेकिन फर्स्ट क्लास का कोई कोटा जमालपुर को नहीं दिया गया है। इसलिए मेरा निवेदन है जमालपुर को और क्यूल को फर्स्ट क्लास का कोटा दिया जाय।

इन सुझावों के साथ मैं समाप्त करता हूं।

15.31 HRS.

## STATEMENT *RE*: SITUATION IN PUNJAB

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : Mr. Speaker, Sir, according to information received from the State Government of Punjab, the Governor of Punjab had prorogued the Punjab Legislative Assembly on the 11th March, 1968. The order, duly authenticated by the Chief Secretary to the Government of Punjab, was notified in the Official Gazette on 13th March, 1968, and copies thereof were circulated to all concerned. The order of prorogation was also notified by the Secretary, Punjab Vidhan Sabha,